खाटू वाले कर दो दया

खाटू वाले कर दो दया,
तेरे बालक बुलाते हैं, मैं पुकारूँ दर खड़ा...........

तेरे बिन बाबा कोई नही मेरा,
में हूँ इस जग का सताया,
छोड़ सारी दुनिया को ए मुरली वाले, तेरी शरण में हूँ आया,
गले से लगा ले, मेरे दुखड़े मिटा दे,
गिरते हुए को उठाले,
खाटू वाले कर दो दया,
तेरे बालक बुलाते हैं, मैं पुकारूँ दर खड़ा...........

मैं तेरी शरण में बैठा हूं गुमसुम, तेरे सहारे हूं आया,
कोई सुने ना तेरे बिन ओ प्यारे , तेरा नाम ही होठों पे आया,
चरणों से लगा लो, मुझे अपना बना लो,
ओ जग के रखवाले,
खाटू वाले कर दो दया,
तेरे बालक बुलाते हैं, मैं पुकारूँ दर खड़ा...........

किसको बुलाऊ किसको सुनाऊं, कोई नहीं जग में मेरा,
तुझको रिझाऊं तुझको मनाऊ,
अब तो भरोसा है तेरा,
नजर में हूं तेरी, सुनले तू मेरी,
नैया है तेरे हवाले,
खाटू वाले कर दो दया,
तेरे बालक बुलाते हैं, मैं पुकारूँ दर खड़ा...........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24771/title/khatu-wale-kar-do-daya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |